समाचार

# 04 जुलाई को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 03 जुलाई 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 04 जुलाई रविवार को वार्ड क्र. 04, 13, 25, 37, 43, 51, 57, 64 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 04 जुलाई रविवार को वार्ड क्र. 04 दुर्गा पण्डाल इंदिरा नगर, वार्ड क्र. 13 पन्द्रह ब्लाक सामुदायिक मंच कुश्ती मैदान, वार्ड क्र. 25 कुआंभट्ठा विश्वकर्मा मंदिर के पीछे, वार्ड क्र. 37 भदरापारा अंबेडकर चौक, वार्ड क्र. 43 धनुवारपारा, वार्ड क्र. 51 पूर्व माध्यमिक शाला लाटा, वार्ड क्र. 57 दशहरा मैदान सामुदायिक भवन भैरोताल, वार्ड क्र. 64 घुड़देवा बस्ती पण्डाल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी। योजना के अंतर्गत अभी तक निगम क्षेत्र में 1342 शिविरों के माध्यम से 66757 व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा चुका है।